# हवन कुंड में फूटे सुतली बम

## हबीपुरा गांव के हनुमान मंदिर में हवन कुंड में डाले सुतली बम

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 मई, का. समीपस्थ ग्राम हबीपुरा में एक बेहद ही सनसनीखेज और दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है. यहाँ के हनुमान मंदिर पर पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गायत्री हवन के दौरान अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा हवन कुंड में सुतली बम छिपा दिए गए. जैसे ही हवन शुरू हुआ और अग्नि प्रज्वलित हुई, कुंड में एक के बाद एक धमाके होने लगे.**

इस घटना में हवन कर रहे श्रद्धालुओं के कपड़े जल गए और एक व्यक्ति घायल हो गया. मामले की सूचना पुलिस को दी गई. टीआई वीरेन्द्र धाकड़ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए पूरी जानकारी ली. मामले की जांच की जा रही है.



### श्रद्धालु घायल, कपड़े भी जले

इस विस्फोट की चपेट में आने से हवन कर रहे श्रद्धालुओं के कपड़े बुरी तरह झुलस गए. गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, हालांकि एक श्रद्धालु के पैर में चोट आई है. घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है. घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची. मामले की गंभीरता को देखते हुए ब्यावरा सिटी थाना प्रभारी विरेन्द्र धाकड़ भी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया.ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि खेड़ापति हनुमान मंदिर जैसे आस्था के केंद्र पर ऐसी ओछी हरकत करने वाले व्यक्ति की शिनाख्त कर उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए.

### भक्ति के माहौल में फैला खौफ

जानकारी के अनुसार, ग्राम हबीपुरा स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हर पूर्णिमा और अमावस्या को गायत्री हवन का गायत्री समिति के सदस्यों के द्वारा सामूहिक आयोजन किया जाता है. शुक्रवार को पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धालु विधि-विधान से आहुतियां दे रहे थे. जैसे ही अग्नि ने कुंड की गहराई पकड़ी, अचानक तेज धमाकों से पूरा मंदिर परिसर दहल उठा. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके इतने जोरदार थे कि जलती हुई राख और अंगारे हवा में उछलकर चारों ओर बिखर गए. जिससे कुछ समय के लिए मंदिर में अफरा तफरी मच गई हवन कर रहे लोगों के पेर अंगारों से जल गये.

## जिले में जनगणना का सूचीकरण कार्य प्रारंभ

**अशोकनगर।** जिले में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा नगरपालिका अशोकनगर क्षेत्र स्थित टीचर कालोनी अशोकनगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आंवरी माफी में औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस दौरान टीचर कालोनी अशोकनगर में मुकेश कुमार जैन एवं गंगाराम कुशवाह के घर पर पहुंच कर प्रगणक द्वारा कार्य कराकर जनगणना 2027 मकान सूचीकरण कार्य का शुभारंभ किया । इस अवसर पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समय बद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन किया जाता है।

# तपती धूप में इंतजार, सुविधाओं का अभाव

**चिलचिलाती धूप में खड़े रहने को मजबूर अन्नदाता**

**अव्यवस्था के चलते किसानों में बढ़ रहा आक्रोश**

नवभारत न्यूज

**सीहोर 01 मई. जिला मुख्यालय स्थित साइलो गेहूं खरीदी केंद्र पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम किसानों के लिए भारी मुसीबत बन गया है. समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने पहुंचे किसान घंटों चिलचिलाती धूप में खड़े रहने को मजबूर हैं. केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन खरीदी की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ती जा रही है.**

किसानों का कहना है कि केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है. न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए कोई छायादार स्थान. तेज गर्मी के बीच किसान अपनी बारी का इंतजार करते-करते थक चुके हैं. कई किसान सुबह से लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन शाम तक भी उनकी ट्रॉली तौल के लिए अंदर नहीं जा पाती. इस अव्यवस्था के चलते किसानों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है.

जब परेशान किसान अपनी समस्या लेकर केंद्र कार्यालय पहुंचे, तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला.



### प्रशासन के निर्देश, जमीनी हकीकत अलग

हालांकि जिला प्रशासन की ओर से खरीदी व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा है कि किसानों को स्लॉट बुकिंग के आधार पर निर्धारित समय पर ही केंद्र बुलाया जाए, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके. साथ ही उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित रखने तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं. किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात भी कही गई है.

# पुलिस ने 26 नाबालिग ट्रेन से सुरक्षित उतारे

## मक्सी तथा उज्जैन में हुआ रेस्क्यू आपरेशन

नवभारत न्यूज

**सागर 1 मई. अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन से लगभग 100 नाबालिग बच्चों को अहमदाबाद के लिए ले जाया जा रहा था. आशंका के चलते इन सभी बच्चों को बाल श्रम के लिए भेजा जा रहा है.**

यह जानकारी मिलते ही आयोग के सदस्य ओंकार सिंह द्वारा इसकी सूचना सागर सीडब्ल्यूसी सहित अन्य अधिकारियों को दी गई. जानकारी मिलते ही सागर सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्यों द्वारा कार्यवाही करते हुए सागर जीआरपी को इसकी सूचना दी गई. सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्यों तथा कुछ सामाजिक कार्यकर्ता सागर स्टेशन पहुंचे जहां सदस्यों द्वारा देखा गया कि अलग-अलग बोगियों में नाबालिग बैठे हुए हैं जिनके साथ कोई भी अभिभावक या जिम्मेदार व्यक्ति नहीं था, लेकिन जब सागर जीआरपी से इन बच्चों को स्टेशन पर उतारने की बात कही गई थी. जीआरपी द्वारा समय का अभाव एवं पुलिस बल न होने की बात कहते हुए कार्यवाही से अपना हाथ खीच लिया. सभी सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता ट्रेन में सवार होकर नाबालिकों के साथ बीना स्टेशन रवाना हो गए. जीआरपी द्वारा आश्वासन दिया गया कि बीना रेल्वे स्टेशन पर पर्याप्त पुलिस बल है. लेकिन जब ट्रेन बीना पहुंची तो वहां अधिकारियों द्वारा ट्रेन में नाबालिगों को तलाश करने जहमत नहीं उठाई



## जनगणना-2027 के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित

**विदिशा.** जनगणना-2027 के संबंध में जनगणना निदेशालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ. बैठक में प्रारंभ होने वाली डोर-टू-डोर जनगणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए. प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा एवं समय-सीमा निर्धारित करते हुए दिशा निर्देश प्रदान किए गए. बैठक में बताया गया कि प्रारंभिक तीन दिनों में प्रगणकों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर रफ लेआउट तैयार किया जाएगा तथा लेखन संबंधी कार्य संपादित किए जाएंगे.इसके साथ ही कार्य की चरणबद्ध प्रगति हेतु लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं.

# प्रशासनिक अमले ने कराई शहर के पेड़ों की छंटाई

## आंधी-तूफान के दूसरे दिन हुई बिजली आपूर्ति शुरू

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ। तेज आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई इलाकों में 15 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी-तूफान के कारण शहर में 500 से अधिक पेड़ गिर गए। कई क्षेत्रों में 8 से 10 घंटे तक बिजली गुल रही, जबकि कुछ इलाकों में वोल्टेज की समस्या बनी रही। बरीघाट फिल्टर प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित होने से शुक्रवार को नलों से पानी नहीं आया।**

बीते 24 घंटे के दौरान टीकमगढ़ तहसील में 32 मिलीमीटर एक इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। मौसम में बदलाव के कारण दिन और रात के तापमान में भी गिरावट आई। बुधवार को अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री था, जो गुरुवार को घटकर अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री हो गया। आंधी-तूफान थमने के बाद कलेक्टर विवेक श्रोतिया ने शहर का निरीक्षण किया। नगर पालिका सीएमओ ने अपनी टीम के साथ जेसीबी मशीनों की मदद से सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया।



## प्रथम चरण में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जनगणना प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है. जनगणना के प्रथम चरण के लिए जिले में 19 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं. जिसमें 10 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 9 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी शामिल हैं. ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक 1981 एवं नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक 424 बनाए गए हैं. ग्रामीण क्षेत्र में 1967 प्रगणक एवं 303 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है, तो वहीं नगरीय क्षेत्र में 458 प्रगणक एवं 40 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं. 16 से 30 अप्रैल तक स्वगणना पोर्टल पर नागरिकों द्वारा ऑनलाइन जानकारी दर्ज की गई है.

## एक नजर में



### 16 हितग्राहियों को दो-दो लाख की सहायता राशि

**आष्टा.** संबल योजना के अंतर्गत नपा कार्यालय में सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति द्वारा पार्षद तारा कटारिया, डॉ सलीम खान, अरशद अली उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि संबल योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक सुरक्षा कवच है. उन्होंने कहा दुख की इस घड़ी में परिवार को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा यह अनुग्रह सहायता सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान की गई है. समग्र अधिकारी दीपाली सोलंकी ने बताया कि जनकल्याणकारी संबल योजना के तहत नगर के 16 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है.

### श्रम विभाग द्वारा संस्थानों के लिए पहल

**टीकमगढ़।** श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग मध्यप्रदेश द्वारा श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में विभाग द्वारा लागू किया गया है।यह एक स्व- मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिसके माध्यम से संस्थानों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन कर उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है।इस प्रणाली के माध्यम से श्रम कानूनों के प्रभावी पालन को प्रोत्साहन मिल रहा है तथा अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप कार्य-संस्कृति में सुधार, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार तथा संस्थानों के मध्य सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है।श्रम विभाग द्वारा सभी संबंधित संस्थानों एवं कारखानों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सुविधा का लाभ उठाते हुए का उपयोग करें तथा अपने संस्थानों में श्रम कानूनों के अनुपालन को सुदृढ़ बनाएं।

### मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**मुलताई।** अखिल भारतीय पटवा वैश्य महासभा के बैनर तले समाज के द्वारा मांगें प्रस्तुत की गई।अखिलभारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा के नगर अध्यक्ष गगनदीप खेरे ने विधायक चंद्रशेखर देशमुख को दिए ज्ञापन में बताया कि पटवा समाज परंपरागत रूप से सूत, धागा, कारीगरी एवं लघु व्यवसाय से जुड़ा हुआ समाज है, जो वर्षों से अपनी आजीविका स्वयं के श्रम एवं कौशल से चलाता आ रहा है। वर्तमान समय में इस समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है।मध्यप्रदेश में पटवा समाज बोर्ड का गठन शीघ्र किया जाए, ताकि समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ पटवा समाज के पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाया जाए, जिससे पारंपरिक कारीगरों को आर्थिक मजबूती एवं रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकें।

### आंगनवाड़ी संचालन समय में बदलाव

**विदिशा,** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है .नए निर्देशों के अनुसार जिले की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गतिविधियां अब सुबह 8 बजे से 11 बजे तक संचालित की जाएंगी. वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की अन्य शासकीय गतिविधियां पूर्ववत प्रात: 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक जारी रहेंगी.

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित खोगरा का मजरा टोला

सौदानसिंह यादव
नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 1 मई, देश जहां आज़ादी के 79 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है और मंचों से आदिवासी विकास की योजनाओं के आंकड़े गिनाए जा रहे हैं, वहीं कुरवाई विधानसभा क्षेत्र और गंजबासौदा जनपद की उदयपुर पंचायत का मजरा टोला खोंगरा इन दावों की हकीकत बयां कर रहा है. यहां आज भी जिंदगी कच्चे रास्तों, अधूरी उम्मीदों और हर साल लौटते दर्द के सहारे गुजर रही है.**

वर्ष 2023 के चुनाव में ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था. इसके बाद प्रशासन ने जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है. ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों के लिए सहरिया आदिवासी केवल वोट बैंक बनकर रह गए हैं.

करीब 500 आदिवासी परिवारों की यह बस्ती आज भी विकास के नक्शे पर धुंधली नजर आती है. सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि नाहरिया से खोंगरा तक करीब 3.5 किलोमीटर सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लगभग तीन साल पहले स्वीकृत हो चुकी है. टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, लेकिन जमीन पर काम शुरू नहीं हुआ.खोंगरा निवासी हरिओम पाल के अनुसार करीब 6 महीने पहले 3 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का पुन: टेंडर भी स्वीकृत हो चुका है.



बारिश का मौसम नजदीक आते ही खोंगरा के आदिवासी परिवारों में चिंता गहराने लगी है. हर साल की तरह इस बार भी बरसात उनके लिए मुसीबत लेकर आएगी, इस आशंका ने ग्रामीणों को पहले से ही डरा दिया है.बरसात के दिनों में गांव के आसपास 4 से 5 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे पूरा इलाका टापू में तब्दील हो जाता है. कच्चे घरों में रहने वाले आदिवासी परिवार अपने ही घरों में कैद होकर रह जाते हैं. बाहर निकलना तो दूर, रोजमर्रा के जरूरी काम भी ठप हो जाते हैं.



# नगरपालिका में ई-ऑफिस प्रणाली होगी लागू

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 30 अप्रैल. नगरपालिका के कामकाज में पारदर्शिता लाने और कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत अधिकारी एक क्लिक में जान सकेंगे कि फाइल कहां और किस स्तर पर लंबित है।**

दरअसल नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश ने प्रदेश के सभी नगर पालिका और नगर परिषद कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। जारी निर्देशों में बताया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व आदेशों के अनुसार अब सभी शासकीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही संपादित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निकाय में ई-ऑफिस का पूर्ण संचालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों की आधिकारिक ईमेल आईडी उपलब्ध नहीं है, वे ईमेल आईडी निर्माण के लिए निर्धारित प्रपत्र भरकर अनिवार्य रूप से भेजें। जिसके तहत निकायों में कार्यरत सभी अधिकारी और लिपिक वर्ग की ई-ऑफिस आईडी तैयार की जा रही है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में सभी कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रक्रिया के तहत ही काम करना होगा।

नगरपालिका की विभिन्न शाखाओं में ई ऑफिस प्रणाली चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद फाइलों की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक की जा सकेगी। इससे यह स्पष्ट होगा कि फाइल कब तैयार हुई, किस अधिकारी या कर्मचारी के पास पहुंची और किस कारण से लंबित है।इस व्यवस्था से कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी और फाइलों को अनावश्यक रूप से रोककर रखने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

# ओलंपस हाई के समर कैंप का भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल के समर कैम्प ओलंपिया का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें पहले ही दिन 80 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों का चयन कर आगामी 20 दिनों में उनमें पारंगत होने का लक्ष्य तय किया.**

स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि कैम्प में स्विमिंग बच्चों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बना हुआ है. तैराकी के साथ-साथ बच्चों ने डांस, म्यूजिक, क्राफ्ट, क्रिकेट, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी गतिविधियों में भी रुचि दिखाई है.उन्होंने बताया कि यह समर कैम्प पिछले 12 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केवल स्कूल के ही नहीं बल्कि शहर के अन्य विद्यालयों के बच्चे भी भाग लेने आते हैं.अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी प्रशिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी.




## प्रस्फुटन समितियों की बैठक

**टीकमगढ़।** नवांकुर संस्था शाहपुर प्रस्फुटन समिति शाहपुर द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान में उपस्थित सभी समितियां द्वारा ग्राम दिगौडा में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति के नवभक्ति कार्यक्रम में सभी सदस्यों द्वारा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक दिनेश उमरिया एवं जिला समन्वय डॉ. सुनील कटयार की उपस्थिति में किले की माता मंदिर में बैठक की गई एवं बाबरी की सफाई उपरांत कार्यक्रम के उपलक्ष में पृस्फुटन समितियां के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्रवाई | जब्त मोबाइलों से एक करोड़ का लेनदेन हुआ उजागर

# ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। चंदेरी पुलिस ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तो वहीं आरोपियों के मोबाइल से करोड़ो रूपये के लेनदेन होने की बात सामने आई है।**

दरअसल गुरूवार को उप निरीक्षक कदम सिंह मीना थाना चंदेरी मय पुलिस बल के साथ कस्बा भ्रमण पर थे। इसी दौरान दिल्ली दरवाजा क्षेत्र में सूचना प्राप्त हुई कि बायपास रोड चंदेरी स्थित तिलक ढाबा के समीप दो व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खेल रहे हैं एवं अन्य व्यक्तियों को भी सट्टा खिलवा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां दो जितेन्द्र धाकड़ पुत्र वीरेन्द्र सिंह धाकड़ निवासी ग्राम मनोहरपुरा थाना पहाड़गढ़ जिला मुरैना एवं सौरभ सैन पुत्र राजेन्द्र सेन निवासी चंदेरी रोड मुंगावली द्वारा ऑनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा था, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। साथ आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन एवं एक महिन्द्रा कार जप्त की गई। मोबाइल फोन की तकनीकी जांच करने पर ऑनलाइन सट्टा संचालन से संबंधित लिंक, विभिन्न आईडी एवं लगभग एक करोड़ रुपये के लेन-देन से संबंधित विस्तृत डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए। आरोपियों द्वारा संगठित तरीके से आईपीएल मैचों पर सट्टा संचालित किया जा रहा था। उक्त प्रकरण में थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 244/2026 पंजीबद्ध कर धारा 4(क) पब्लिक गैंबलिंग एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(1), 318(4) के अंतर्गत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। वहीं पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह सट्टा संचालन हेतु आईडी अन्य आरोपी दीपक धाकड़ निवासी केलारस जिला मुरैना से प्राप्त करते थे। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक धाकड़ को गिरफ्तार किया गया।



### इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव, उप निरीक्षक जोगेन्द्र यादव, कदम सिंह मीना, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षक योगेन्द्र रघुवंशी, दिलीप ओझा, आनंद सिंह राजपूत, वैभव सक्सेना एवं रामकुमार साहू एवं साइबर सेल टीम से उप निरीक्षक मसीह खान, उप निरीक्षक पुनीत दीक्षित, सहायक उप निरीक्षक अभिजीत विसेन एवं सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

## कंट्रोल रूम स्थापित

**सागर.** जनगणना 2027 के कार्यों के सुचारू संचालन के लिए जिला कार्यालय सागर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. भारत सरकार के जनगणना अधिनियम 1948 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी आदेश तक कंट्रोल रूम में ड्यूटी हेतु नियुक्त किया गया है. कंट्रोल रूम का संचालन प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा. कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07582-223045 निर्धारित किया गया है तथा प्रभारी के रूप में अखिलेश मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है. जिले में जनगणना का सूचीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है.